तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 4 जुलाई 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को गो लाइव करने में जिले को मिला प्रथम स्थान



## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 8 को

**कोरबा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जल जीवन एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का आयोजन 8 जुलाई की शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया है।

### संविदा पदों पर भर्ती हेतु 16 तक आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में दंत चिकित्सक, स्टाफ नर्स, फिडिंग डिमोंस्ट्रेटर, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, ड्रेसर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, रेडियोग्राफर व फार्मासिस्ट के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त रक्त संविदा पदों पर पात्र इच्छुक अभ्यर्थियों से 16 जुलाई शाम 5 बजे आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन अनुमोदित

**कोरबा।** वर्ष 2023-24 के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन तथा पाठ्यक्रम का वर्ष परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए थे उनके आवेदनों को शासन द्वारा अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। साथ इन छात्रों को 6 दिवस के भीतर अपना छात्रवृत्ति आवेदन पूर्ण कर अध्ययनत संस्था में जमा कराते हुए छात्रवृत्ति स्वीकृत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्धारित समयावधि में आवेदन नहीं करने पर संबंधित छात्र स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### पीजी कॉलेज में पत्रकारिता संकाय में प्रवेश प्रारंभ

**कोरबा।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के अंतर्गत पीजी कॉलेज में बीए पत्रकारिता एवं जनसंपर्क के स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल को छात्रों में लिए खोला दिया गया है। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन भरने के बाद छात्र 16 जून से 31 जुलाई तक प्राचार्य तथा 14 अगस्त तक कुलपति की अनुमति से कॉलेज में प्रवेश ले सकेंगे। डॉ दिनेश श्रीवास ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष में पीजी कॉलेज के पत्रकारिता संकाय में फिलहाल बीए (जेएमसी) के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश दिया जा रहा है। पत्रकारिता संकाय में 25 सीटें उपलब्ध हैं। परेशानी से बचने के लिए छात्र तत्काल ऑनलाइन आवेदन कर फॉर्म की हार्डकॉपी कॉलेज में जमा कर प्रवेश ले सकते हैं। शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जायेगी। किसी भी तरह की परेशानी होने पर कॉलेज के पत्रकारिता संकाय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 सीबीएसई पाठ्यक्रम के कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं व 11वीं कक्षाओं के रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी 11 जुलाई शाम 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरबा के कक्ष क्रमांक 12 में आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटघोरा विकासखंड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में कक्षा 7वीं में बालक 01, कक्षा 9वीं में कन्या 01, कक्षा 11वीं में बालक 02 व कन्या 03 सीटें रिक्त हैं। इसी प्रकार पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के रामपुर प्रयास विद्यालय में कक्षा 8वीं में बालक 01 सीट उपलब्ध हैं। अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन फार्म का शाला प्रमुख द्वारा सत्यापन कराना अनिवार्य है, सत्यापन के अभाव में आवेदन अपात्र माना जाएगा।

# खेल के बजट में कटौती, 23 साल पहले के बजट में हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

राज्य शासन भले ही खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए बड़े से बड़े दावे करती हो लेकिन उसके द्वारा खेल के बजट में बढ़ाने के बजाय और कटौती करती जा रही है। खेल युवक कल्याण विभाग को जो बजट राज्य निर्माण के समय आबंटित किया जाता था वही बजट 23 साल बाद भी विभाग को आबंटित किया जा रहा है, जबकि लंबी अवधि में इतने कम राशि में खेल का आयोजन कराना टेढ़ी खीर हो गया है।

ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए शासन के खेल युवक कल्याण विभाग की स्थिति वित्तीय रूप से मजबूत नहीं हो पा रही है। राज्य शासन के द्वारा जो बजट राज्य निर्माण के समय विभाग को जारी किया जा रहा था उसे बढ़ाने के बजाए उसमें कटौती की कार्यवाही शुरू कर दी है। उसके बावजूद विभाग खेलों के आयोजन को लेकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है, किंतु इस कम बजट में खिलाड़ियों को मिलने वाले आज के महंगाई के दौर में पौष्टिक आहार खरीदना विभाग के लिए कठिन हो गया है। बीते ग्रीष्म ऋतु में राज्य शासन के द्वारा प्रत्येक जिले में खेल युवक कल्याण विभाग के माध्यम से ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है और उसके लिए एक लाख 80 हजार रूपये की एक बजट राशि आबंटित की जाती है। 2 माह तक चलने वाले प्रशिक्षण शिविर में उक्त राशि को खर्च करना होता है। इस वर्ष मई माह में विभाग के द्वारा शुरू किए गए ग्रीष्मकालन प्रशिक्षण शिविर के लिए एक लाख 20 हजार रूपये का आबंटन किया गया। इस तरह 80 हजार रूपये की कटौती कर दी गई। इसी तरह हाल ही में जुलाई माह में ओपन खेल प्रतियोगिता के लिए विभाग को शासन की ओर से पत्र जारी किया गया है। उक्त पत्र में 20 खेलों का जिक्र है, जिसके लिए ब्लॉक, जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना है और इस पूरी प्रतियोगिता के लिए महज एक लाख 20 हजार रूपये का आबंटन ही प्राप्त हुआ है।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए मिले एक लाख 20 हजार

**खास बातें**

- ओपन स्कूल खेल प्रतियोगिता के लिए दिए गए एक लाख
- कम राशि में कैसे होगा खेल का आयोजन



### राज्य स्तर तक भेजे जाते हैं खिलाड़ी

खेल युवक कल्याण विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है और उससे चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विभाग के द्वारा ही खिलाड़ियों को भेजा जाता है। उक्त खर्चा भी विभाग के द्वारा ही वहन किया जाता है। प्रतियोगिता में ऐथलेटिक्स एवं टीम गेम के खिलाड़ी शामिल रहते हैं, जिनका यात्रा भत्ता विभाग के द्वारा वहन किया जाता है। कम बजट की वजह से खेल के आयोजन को लेकर आर्थिक समस्या खड़ी हो गई है।

### एक खेल में 24 से अधिक खिलाड़ी

एक खेल में दो टीमें भाग लेती है और दोनों टीमों के खिलाड़ियों की संख्या 24 होती है और 20 खेलों का आयोजन ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक करना है और इन खेलों में लगभग 300 खिलाड़ी भाग लेंगे। जिनके दोनों समय का नाश्ता, भोजन, पुरस्कार वितरण और यात्रा भत्ता शामिल है। महज इतने कम बजट में खेलों के आयोजन को लेकर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। खिलाड़ियों को ब्लॉक स्तर में आने के लिए यात्रा भत्ता और ब्लॉक से जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने आने के लिए यात्रा भत्ता दिया जाएगा। इस तरह दो प्रतियोगिताओं के लिए यात्रा भत्ता दिए जाने का प्रावधान दिया गया है।

### प्रतिदिन 10 सेंटीमीटर आ रहा है पानी, 43 फ़ीसदी पहुंचा बांगो बांध का जलस्तर

# इसी रफ्तार से आता रहा पानी तो 10 दिन में 1 मीटर बढ़ेगा बांगो बांध का जलस्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार हो रही अच्छी बारिश से बांगो बांध का जल स्तर प्रतिदिन लगभग 10 सेंटीमीटर बढ़ रहा है। यदि इसी रफ्तार से बांध में पानी आता रहा तो 10 दिनों में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 1 मीटर बढ़ने की संभावना है। निश्चित तौर पर यदि ऐसी ही बारिश हुई तो बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में 348.95 फ़ीसदी पानी भरा हुआ है जो कुल जलभराव क्षमता का लगभग 43 फ़ीसदी पानी है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बारिश की पहली फुहार के साथ ही बांगो बांध का जलस्तर बढ़ने लगा है। बताया जाता है कि बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में अच्छी बारिश हो रही है जिसके चलते बांगो बांध का लगभग रोज 10 सेंटीमीटर वाटर लेवल बढ़ रहा है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यदि इसी रफ्तार से पानी आता रहा तो बांध 10 दिनों में लगभग 1 मीटर भर जाएगा।



फाइल फोटो

### पिछले साल 58 फ़ीसदी भरा था

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस वर्ष बांगो बांध से रविवार को खरीफ फसल के लिए व निस्तारी के लिए भरपूर पानी दिया गया था जिसके चलते बांध का वाटर लेवल लगभग 40 फ़ीसदी पहुंच गया था। अब विभाग को सिर्फ तेज और अच्छी बारिश का इंतजार है क्योंकि झमाझम बारिश हुई तो निश्चित तौर पर बांगो बांध को भरने में आसानी होगी। हालांकि बांगो बांध को भरने में अभी लंबा वक्त लगेगा पिछले वर्ष 3 जुलाई की स्थिति में बांगो बांध में लगभग 59 फ़ीसदी पानी भरा हुआ था। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बढ़िया समन्वय स्थापित किया था और हाइडल प्लांट को बेहतर गति से संचालित किया गया था जिसके चलते गेट को खोलने की नौबत नहीं आई थी। वहीं इस बार भी विभाग के अफसरों का यही प्रयास होगा कि यदि बेहतर बारिश होती है तो बांध को भरने के साथ-साथ हाइडल प्लांट को अधिक से अधिक इस्तेमाल कर बिजली पैदा किया जा सके।

### बड़ी संख्या में पहुंचते हैं पर्यटक

बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में पड़ोसी जिले कोरिया सूरजपुर का पूरा इलाका आता है। कोरिया में ज्यादा पानी गिरने से बांगो बांध बहुत तेजी से भरता है इसलिए कैचमेंट इलाके में बारिश होना सबसे अहम भूमिका होती है। वर्ष 2011 में कोरिया जिले व कोरबा में ताबड़तोड़ बारिश हुई थी और जिसके चलते बांध बहुत तेजी से लबालब हो गया था और बांगो बांध के 11 के 11 गेट खोलने की नौबत आ गई थी इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रदेश के पर्यटक पहुंचते हैं। इस वर्ष यदि बांगो बांध के गेट के खोलने की नौबत आयी तो निश्चित तौर पर फिर से बड़ी संख्या में इसे देखने के लिए पर्यटक पहुंचेंगे।

# पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार भागने की फिराक में था



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आपसी विवाद को लेकर एक सिरफिरे पति ने अपनी पत्नी के सिर पर फावड़ा मारकर हत्या कर दी थी और जंगल की ओर भाग निकला था। देर रात को हत्यारा पड़ोसी जिले की ओर भागने की फिराक में था कि उसे पड़ोसी जिले के बार्डर से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जलके के आश्रित ग्राम मांझाबहरा निवासी मंगली बाई पोया के पति बसंत कुमार पोया ने आपसी विवाद को लेकर अपनी पत्नी मंगली बाई की हत्या कर मौके से फरार हो गया था। हत्या की सूचना मिलने पर कोरबी चौकी प्रभारी अफसर खान दल बल सहित मौके पर पहुंचे थे जहां पुलिस की टीम मामले की बारीकी से जांच कर हत्यारे की खोजबीन में जुटी हुई थी। इस बीच देर रात को आरोपी बसंत कुमार पोया जंगल से बाहर निकलकर पड़ोसी जिले चिरमिरी की ओर भागने वाला था कि उसे पाली बेरियर के समीप पुलिस ने देर रात को धरदबोचा।

# छुरी नगर पंचायत की कमान अब आदिवासी महिला के हाथों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरीकला

लंबे समय से रिक्त पड़े छुरी नगर पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर चल रही सियासत के बीच नगरीय शासन विभाग ने आदिवासी महिला पार्षद को नगर पंचायत का नया अध्यक्ष बनाकर क्षेत्र के विकास की बागडोर आदिवासी वर्ग की महिला नेत्री के हाथ सौंप दी है और इसके साथ ही बीते 6 माह से चला आ रहा राजनीतिक दांव पेंच का दौर समाप्त हो गया है। क्षेत्र के पार्षद व जनप्रतिनिधि भी लगातार शासन से नगर पंचायत अध्यक्ष की नियुक्त को लेकर राजधानी स्तर तक दौड़ लगा चुके थे।

**खास बातें**

- शासन ने नियुक्त किया नगर पंचायत अध्यक्ष
- बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बनी शैल कुमारी राठौर



शकुंतला गोंड़

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग रायपुर के द्वारा नगर पंचायत छुरीकला के वार्ड क्रमांक 14 की महिला पार्षद श्रीमती शकुंतला गोड को आगामी आदेश तक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। 28 फरवरी को अध्यक्ष नीलम देवांगन के खिलाफ पार्षदों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद पिछले 6 माह से नये अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर दोनों प्रमुख पार्टी पार्षदों द्वारा शकुंतला गोड को अध्यक्ष मनोनीत कियें जाने की मांग जोर शोर से कि जा रही थी, लेकिन कुछ भाजपा पार्षद अध्यक्ष बनने को लेकर एड़ीचोटी की जोर लगा चुके थे, लेकिन पार्टी द्वारा सही निर्णय एंव पार्षदों की मांग पर श्रीमती शकुंतला गोड़ को नगर पंचायत छुरीकला की अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया। शकुंतला गोड़ की अध्यक्ष की खबर मिलते ही पार्षदों मे खुशी की लहर दौड गई तथा बधाई देने वालों की निवास पर देर रात तक ताता लगा रहा। नगर पंचायत अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण वार्डों में होने वाले मूलभूत विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे, जिसे लेकर वार्ड पार्षदों ने पिछले दिनों ⏭ शेष पेज 3 पर

# पुलिस ने पेट्रोल पंप व सराफा व्यापारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सजग कोरबा अभियान के तहत सभी थाना व चौकियों प्रभारियों को निर्देश जारी करते हुए सभी सराफा व पेट्रोल व्यवसायियों की बैठक लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी देने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देने निर्देशित किया था। इसी कड़ी में कटघोरा थाना प्रभारी ने कटघोरा नगर में संचालित पेट्रोल पंप संचालकों व सराफा व्यापारियों की कटघोरा थाना परिसर में बैठक ली।

**खास बात**

- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश



सराफा व्यवसायी व पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश देते थाना प्रभारी।

पुलिस प्रशासन द्वारा सजग कोरबा अभियान के तहत सुरक्षा साधनों के बढ़ाने एवं सावधान रहने के लिए इस बैठक को आयोजित किया गया। बीते दिनों हुए रायगढ़ में सराफा व्यवसायी से राह चलते अज्ञात नकाब पोश बदमाशों द्वारा बाइक से लाखों रुपये के गहनों से भरा बैग लूट की घटना को अंजाम दिया था। कटघोरा क्षेत्र में भी सराफा दुकानें काफी मात्रा में है इस प्रकार की घटना की संभावना को नजर अंदाज नही किया सकता है इसलिए सराफा व्यापारियों की बैठक लेकर सीसीटीवी कैमरों को चालू रखे तथा दुकानों में जेवरों से भरा बैग को सुरक्षित रखने व संदेहियों पर विशेष नज़र रखने के लिए निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी धर्मनारायण नारायण तिवारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कैश रखने के दौरान सावधानी रखने तथा पेट्रोल पंप में सीसीटीवी लगाने और उन्हें 24 घण्टे चालू अवस्था मे रखने के लिए निर्देशित किया साथ पेट्रोल पंप में कार्यरत कर्मचारियों के बैग में अधिक कैश न हो इसका भी ध्यान रखे तथा पेट्रोल पंप में रात्रि के दौरान अधिक कैश न रखने के निर्देश दिये। थाना प्रभारी श्री तिवारी ने सभी व्यापारियों को अपनी तथा अपने प्रतिष्ठान की सुरक्षा को लेकर विशेष आगाह रहने के लिए कहा। तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति पर आशंका हो तो तत्काल कटघोरा पुलिस को इसकी सूचना दें।

### मध्यान्ह भोजन चावल की आपूर्ति में भी गड़बड़ी, विभाग ने कराया अवगत

# एक माह से नहीं पहुंच रहा आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूरक पोषण आहार के तारतम्य में आंगनबाड़ी केन्द्रों में राज्य शासन की ओर से दिया जाने वाला रेडी टू ईट पौष्टिक आहार आंगनबाड़ी केन्द्रों में बीते एक माह से नहीं बंट रहा है। वहीं खाद्य विभाग के द्वारा दिया जाने वाला मध्यान्ह भोजन का चावल केन्द्रों में नहीं पहुंचा, इस समस्या पर महिला बाल विकास विभाग द्वारा कलेक्टर को अवगत कराने पर खाद्य अफसर को तबल कर इसकी जानकारी मांगी गई है। खाद्य विभाग को इसके संबंध में जानकारी भी नहीं थी।




फाइल फोटो

महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र रेडी टू ईट पूरक पोषण आहार के अनियमित वितरण और मध्यान्ह भोजन समय पर केन्द्रों में नहीं पहुंचने की समस्या का सामना कर रहे हैं। स्थिति यह निर्मित हुई विभाग के द्वारा खाद्य विभाग को मध्यान्ह भोजन चावल के वितरण को लेकर सामने आ रही समस्या से भी अवगत कराया गया, लेकिन गंभीरता नहीं दिखाए जाने के कारण पीडीएस दुकानदार आंगनबाड़ी केन्द्रों में चालव वितरण को लेकर गंभीरता नहीं बरत रहे हैं। राज्य शासन की ओर से मध्यान्ह भोजन का चावल और रेडी टू ईट पौष्टिक आहार भेजे जाने के बावजूद केन्द्रों में उनका नहीं पहुंचना नौनिहालों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ के रूप में देखा गया है। कलेक्टर को विभाग के द्वारा इस समस्या से अवगत कराने पर खाद्य विभाग के अधिकारियों को तलब कर जब जानकारी ली गई तब जाकर खाद्य विभाग के अधिकारियों को इस बात की जानकारी लगी कि पीडीएस दुकानदारों को ⏭ शेष पेज 3 पर

### पीडीएस दुकानों के रिकार्ड देखे जा रहे हैं

मध्यान्ह भोजन का चावल आंगनबाड़ी केन्द्रों में नहीं पहुंचने के मामले पर संज्ञान लिया गया है। ऐसे पीडीएस दुकानदारों के रिकार्ड देखें जा रहे हैं। जिनके अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन का चावल नहीं पहुंचा है।

-**आशीष चतुर्वेदी**, सहायक खाद्य अधिकारी

### ऐसी है आबंटन की प्रक्रिया

आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपस्थित बच्चों की संख्या के आधार पर चावल का आबंटन किया जाता है। इसके लिए प्रतिमाह महिला बाल विकास विभाग के द्वारा खाद्य विभाग को पूरी जानकारी उपलब्ध करा दी जाती है और खाद्य विभाग उक्त जानकारी के आधार पर नागरिक आपूर्ति निगम को आबंटन प्रति दुकान जारी कर देता है जहां से पीडीएस दुकानों में भंडारण होता है और यही से चावल के वितरण में गड़बड़ी सामने आती है। ऐसे पीडीएस दुकानदार जिनके अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन का चावल नहीं पहुंचा है उन दुकानों के आबंटन और वितरण के रिकार्ड की जांच शुरू कर दी गई है।

### रेलवे केबिन के पीछे जुआ 7 जुआरी गिरफ्तार

**कोरबा।** रेलवे ट्रैक के किनारे बने रेलवे केबिन के ठीक पीछे जुआड़ियों की महफिल सजी हुई थी जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली पुलिस की टीम ने रेलवे केबिन के चारों ओर से घेराबंदी की और जुआ खेलते हुए 7 जुआड़ियों को रंगेहाथों धरदबोचा है। पकड़े गए जुआड़ियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के कोठारी रेलवे केबिन की है। जहां जुआरी पिछले कुछ दिनों से लगातार जुआ खेल रहे थे इसकी सूचना मिलने पर उरगा थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी। जहां जुआ खेलते हुए 7 जुआड़ियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआड़ियों में धनेश महंत, विष्णु लहरे, भागबली लहरे, किशन यादव, नारायण भारद्वाज, अनिल कुमार, रामगोपाल शामिल हैं।



# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style



# देवलीना

## किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।

## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

## टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे। तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की माने तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।



# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है, जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।




# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख ( बरुन सोबती ) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

## अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट

# गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

**नई दिल्ली।** 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

### पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन'से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या'में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।

*इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या'ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या'ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*



### 'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।

## खबर संक्षेप



### कोसाबाडी मंडल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान किया शुरू

**कोरबा।** राष्ट्रीय संघठन के निर्देश पर एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाने का आग्रह किया गया है। जिसके तहत बुधवार को कोसाबाडी मंडल के द्वारा इस अभियान की शुरुआत मिनी माता कन्या महाविद्यालय में पौधरोपण से किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष राजीव सिंह, अशोक चावलानी, हितानंद अग्रवाल, नरेंद्र देवंगन, कोसाबाडी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, प्रकाश अग्रवाल, श्रीमती मंजू सिंह, श्रीमती सुमन सोनी, दिनेश वैष्णव, चंदन सिंह, अजय दास वैष्णव, राजेंद्र साहू, श्रीमती रमा मिरी, राजेश सोनी, पुनीराम साहू, मिलापराम बरेठ, संजू शर्मा, शिव चंदेल, राजेश राठौर, संतोष केंवट, रामकिशोर यादव, सतीश केशरवानी, गिरधारी रजक, शिव जयसवाल, जेपी हलवाई, प्रवीण दास रैदास, अशोक लाल, विनय राय, विलास बुटोलिया, अप्पू प्रसाद ठाकुर, राम यादव, अनिल डडसेना, हरेराम साहू, चंदन मजूमदार, दौलत राम चक्रधारी, फिरत राम चौहान, श्याम साहू, नूतन राजवाड़े, देवेंद्र सिंह चौहान, पंकज मोदी, अनिल मिश्रा, रामकुमार राठौर, संजय मानिकपुरी, रितेश कुमार साहू उपस्थित रहे।

### मिशन क्लीन सिटी के कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन : पवन

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा ने ज्ञापन जारी



कर कहा है कि मिशन क्लीन सिटी नगर निगम में सेवा दे रहे कर्मचारियों को मई एवं जून महीने का वेतन अभी तक नहीं मिला है। जिसकी वजह से कर्मचारीयों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन कर्मचारियों से महीने भर काम लिया जाता है कोई भी साप्ताहिक अवकाश नहीं दिया जाता है और किसी प्रकार की छुट्टी पर वेतन में कटौती किया जाता है इन कर्मचारियों को पूरे महीने का वेतन 72 सौ दिया जाता है जो न्यूनतम वेतन से भी कम है, इसके अलावा किसी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा प्रदान नहीं किया जाता है। श्री वर्मा ने कहा कि इस तरह की अनियमितता को तत्काल दूर किया जाए एवं इनका वेतन भुगतान तत्काल किया जाए।

### रेलवे स्टेशन के सामने फूंका डीआरएम का पुतला



**कोरबा।** जिले में गेवरा स्टेशन से पूर्व में चलने वाली सभी गाड़ियो को पुनः प्रारंभ करने की मांग व रेलवे प्रबंधन की मनमानी को लेकर कोरबा रेलवे स्टेशन के सामने युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन कर डीआरएम का पुतला फूंका। युवा कांग्रेस के महामंत्री मधुसूदन दास ने बताया कि रेलवे प्रबंधन की मनमानी अपने चरम पर है, ट्रेनों की लेटलतीफी तो आम बात। है सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की रेलवे प्रशासन नदी उस पार के एकलौते स्टेशन गेवरा से पता नहीं कौन से जन्म का बदला लेने पर उतारू है की कोरोनाकाल से बंद हुए ट्रेनें अभी तक शुरू नहीं हो पाए है या यू कहे की रेलवे प्रबंधन मालगाड़ी बढ़ाने के लिए जागने की अवस्था में है परंतु सवारी गाड़ी के नाम पर कुंभकर्णीय नींद में है। युवा कांग्रेस ने मांग करते हुए कहा की गेवरा स्टेशन से पूर्व में चलने वाली सभी गाड़ियो को पुनः प्रारंभ किया जाये साथ ही साथ कोरबा से चलने वाली सभी गाड़ियों को समय पर चलाया जाये। इन्ही सब माँग को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया है। साथ ही डीआरएम का पुतला फूंका गया। उन्होंने कहा हैं की यदि 7 दिवस के भीतर मांगों को न मानने पर हमारे द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। इसकी संपूर्ण जवाबदारी रेलवे प्रशासन की होगी।

# कैंसर जांच एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 350 लोगों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## मारवाड़ी युवा मंच कोरबा का आयोजन



अलग खबर

मारवाड़ी युवा मंच कोरबा व सेवा भारती कोरबा के संयुक्त तत्वावधान में 25 जून को निशुल्क कैंसर जांच शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य केयर शिविर का आयोजन विवेकानंद सेवा सदन बुधवारी बायपास में सकुशल संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों लाभार्थियों ने शिविर का लाभ लिया। इस शिविर का शुभारंभ हमारे अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल एवं डॉ प्रिंस जैन द्वारा किया गया।

इस शिविर में डॉ प्रिंस जैन, डॉ श्रीमती नेहा गोयल, डॉ शंकर पालीवाल, डॉ श्रीमती आर पालीवाल, डॉ नागेंद्र शर्मा, डॉ आदित्य सिसोदिया एवं उनकी मेडिकल टीम द्वारा शिविर में आए लोगों का उपचार किया। पूरे शिविर के दौरान हमारी कोरबा शाखा की पूरी टीम, कोरबा जागृति शाखा की पूरी टीम, अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल की टीम, कोरबा अग्रवाल महिला मंडल की टीम एवं सेवा भारती टीम ने अपना योगदान दिया, जिसमें जलपान से लेकर शिविर में उपस्थित सभी शहरवासियों का मार्गदर्शन करते हुए शिविर को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई। शिविर के समापन समारोह में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कोरबा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ के वरिष्ट राजेंद्र दुबे एवं लोमस साहू, मारवाड़ी युवा मंच कोरबा के संस्थापक व अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार जैन, अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, कोरबा शाखा के पूर्व अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय संयोजक नीरज अग्रवाल, शाखा प्रमुख अध्यक्ष विकास मित्तल, कोरबा शाखा के सचिव दीपक अग्रवाल, उपाध्यक्ष सनी मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रियंक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष प्रियम अग्रवाल एवं सभी सदस्यगण आयुष अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल एवं कोरबा जागृति शाखा की अध्यक्षा श्रीमती सुमन गोयल, अग्रवाल सभा कोरबा की महिला शाखा अध्यक्षा श्रीमती मनीषा गोयल एवं अन्य शाखाओ के सदस्यों ने सहयोग किया।

## औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे, खामियां सुधारने दिए निर्देश

# स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था देखी कलेक्टर ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



स्कूल का निरीक्षण करते कलेक्टर।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कोरबा विकासखण्ड के विभिन्न शासकीय संस्थानों प्राथमिक शाला पहंदा, स्वामी आत्मानंद स्कूल तिलकेजा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा एवं कोरबा-चांपा राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता लाने के लिए शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर ने कोरबा चाम्पा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रभावित मड़वारानी मंदिर को अन्य जगह स्थानांतरित करने के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों से चर्चा की। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा ग्राम पहंदा के प्राथमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में छात्रों की दर्ज संख्या, उपस्थिति, गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरण, मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी शिक्षकों को विद्यालय में समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कराने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा स्कूल में शौचालय निर्माण की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने स्कूल परिसर में डीएमएफ से शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा पहुँच कर स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र के ओपीडी कक्ष, दवाई कक्ष, भंडार कक्ष, विभिन्न वार्डों का अवलोकन करते हुए परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने केंद्र में आने वाले मरीजों, डॉक्टर की उपस्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए मरीजों को प्रदाय की जाने वाली भोजन व्यवस्था तथा महिला मरीजों हेतु डिलीवरी रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी चिकित्सकों को अपने ड्यूटी समय पर उपस्थित होकर मरीजो को स्वास्थ्य लाभ पहुचाने हेतु निर्देशित किया। केंद्र के कर्मचारियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षा हेतु बाउण्ड्री वाल एवं निवास हेतु शासकीय आवास की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई। जिस पर कलेक्टर द्वारा बजट उपलब्धता के आधार पर निर्माण कराने की बात कही गई। स्वामी आत्मानंद स्कूल तिलकेजा के कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों से कलेक्टर ने रूबरू होकर छात्रों से अध्ययन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्कूल के अधूरे बाउण्ड्री वॉल एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण को पूर्ण करने हेतु संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए। स्कूल के प्राचार्य द्वारा अंग्रेजी विषय हेतु अतिथि व्याख्याता की मांग की गई। जिस पर कलेक्टर के द्वारा खनिज न्यास मद से स्वीकृति की बात कही गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा उपस्थित थे।

# शिव फाउंडेशन ने हसदेव अमृत जल घर सेवा योजना का किया शुभारंभ



अमृत जल घर सेवा योजना के शुभारंभ में फाउंडेशन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम शिव नगर रूमगरा के समाज सेवी संगठन जिनके द्वारा आदर्श ग्राम प्रेरणा उदाहरण प्रस्तुत किया है। शिव फाउंडेशन ने जल संचय की गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए राहगीरों को पानी की समस्या, स्कूल, सामाजिक स्थानों में पेय जल की समस्या को ध्यान में रखते हुए शिव नगर रूमगरा में अभी तक 6 स्थानों में हसदेव अमृत जल घर सेवा का उद्घाटन किया गया है। संकल्प अनुसार पूरे रूमगरा शिव नगर में यह सेवा एक वर्ष के अंदर पूर्ण करने का निर्णय फाउंडेशन के सदस्य द्वारा लिया गया है। उक्त जल घर सेवा में प्रेरणा स्त्रोत मनीष अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष मारवाड़ी युवा मंच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। संगठन अध्यक्ष ललित साहू ने मुख्य अतिथि मनीष अग्रवाल का शाल एवं श्रीफल से स्वागत किया। मनीष अग्रवाल ने नर सेवा नारायण सेवा की महत्ता को बताते हुए एक ग्रामीण स्तर पर शिव फाउंडेशन के सभी प्रकल्प कार्यक्रमों का एवं जल सेवा कार्य की खूब सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित साहू, उपाध्यक्ष रविकांत वैष्णव, कोषाध्यक्ष युगेश राठौर, सह सचिव कृष्णा श्रीवास, योजना के दानदाता कृष्ण कुमार चंद्रा, हसदेव अमृत जल सेवा प्रभारी दीपक शर्मा एवं संगठन के संतोष बहादुर, दुष्यंत पांडेय, अजय धीवर, रवि यादव, बद्री बहादुर कृष्णा पांडेय, योगेश राठौर ,धर्मेंद्र गोंड, भुनेश्वर चंद्रा, रिंकू श्रीवास, गौतम सारथी, मनोज मैत्री, गोरे यादव, महेंद्र यादव, सुनील मौर्या सहित अन्य उपस्थित थे।

# लायंस क्लब कोरबा ने मनाया डॉक्टर्स एवं सीए डे



डॉक्टर्स का सम्मान करते क्लब के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा सोमवार को लायंस स्कूल टीपी नगर एवं लायंस स्कूल सीतामढ़ी में शाला प्रवेशोत्सव बच्चों को गिफ्ट, चॉकलेट देकर मनाया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। तत्पश्चात लायंस क्लब ऑफिस में डॉक्टर्स एवं सीए डे कार्यक्रम के तहत डॉ.सब्बरवाल, डॉ.सरफराज अली, जॅ.फरनाज शेख, डॉ.अनिल अरोरा, डॉ.एसएस मिश्रा एवं सीए लायन प्रमेश चंदेल, दीपक अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, श्रीमती मोनिका अग्रवाल का शाल एवं श्रीफल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन रोहित राजवाड़े ने किया। क्लब अध्यक्ष लायन रोहित राजवाड़े ने कहा कि डॉक्टर्स को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है। भगवान के बाद डॉक्टर्स ही हैं, जो इंसानों को दूसरा जीवनदान देते हैं।

डॉक्टर्स जरूरतमंद लोगों को ठीक करने, उन्हें स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर एमजेएफ लायन जयप्रकाश अगवाल, सचिव लायन रविशंकर सिंह, एमजेएफ लायन राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), एमजेएफ लायन एसके अग्रवाल, लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) लायन मधु पाण्डेय, लायन मनमोहन यादव अन्य लायन सदस्य, प्राचार्य द्वय रमेश शर्मा व जीआर हंस एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में मनाया गया डॉक्टर्स डे

कोसाबाडी स्थित सिद्धिविनायक हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डायरेक्टर डॉ.शतदल नाथ ने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस व्यक्तिगत जीवन और समुदायों में चिकित्सकों की योगदान को मान्यता देने के लिए मनाया जाने जाने वाला दिन है। डॉक्टर्स डे भारत में डॉक्टर विधान चंद्र राय के जन्मदिवस के दिन मनाया जाता है। डॉ.नाथ ने कहा कि सिद्धिविनायक हॉस्पिटल मरीजों को अच्छी सेवा देने के लिए कटिबंध है एवं संवेदनशील व सहानुभूति पूर्ण रवैया के साथ ही मरीजों का अच्छा इलाज हो सकता है। इस अवसर पर डॉ.नाथ के माता श्रीमती सतीनाथ ने भी संबोधित किया एवं डॉ.बीसी राय से जुड़े संस्मरण को सुनाया। डॉक्टर्स डे के पावन उपलक्ष पर माता जी श्रीमती सती नाथ ने सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के नए डीलक्स रूम का भी उद्घाटन किया। सिद्धि विनायक हॉस्पिटल मरीजों के लिए सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ द्वारा डॉक्टर नाथ को सम्मानित किया गया एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।



## बिजनेस प्लस

### एके गुरुकुल में दी जा रही छात्रों को एनईपी की जानकारी



**कोरबा।** एके गुरुकुल कॉलेज ढेलवाडीह में बुधवार को अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा (एनईपी) नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत हमारे महाविद्यालय में सभी शिक्षकों को सुनील कुमार कंवर असिस्टेंट प्रोफेसर, गवर्नमेंट कॉलेज पाली के द्वारा एनईपी प्रशिक्षण की जानकारी प्रदान की गई। एके गुरुकुल कॉलेज के प्राचार्य अक्षय कुमार दुबे की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) से स्कूल पाठ्यक्रम में कटौती से लेकर एमफिल कार्यक्रमों को समाप्त करने तक कई सुधार लाने की उम्मीद है। एनईपी एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करने की आकांक्षा रखती है जो सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करके और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में विकसित करके देश के परिवर्तन में प्रत्यक्ष रूप से योगदान दे। 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने तक, भारतीय शिक्षा प्रणाली में कई खामियाँ थीं। अवधारणाओं को समझने की तुलना में याद करने को अधिक प्राथमिकता दी जाती थी। इसके अलावा, कई बोर्ड की मौजूदगी एक बड़ी समस्या थी। प्रत्येक बोर्ड में अलग-अलग कौशल के लिए अलग-अलग शिक्षण पद्धतियाँ थीं, और फिर हर छात्र को एक ही मानकीकृत बोर्ड परीक्षा देनी होती थी। इसके अलावा, पिछले वर्षों में पारंपरिक विषयों को सीखने या उनमें महारत हासिल करने पर ज़्यादा ज़ोर दिया गया और व्यावसायिक कौशल विकसित करने पर कम। नई शिक्षा नीति में भारतीय शिक्षा प्रणाली की सभी कमियों और सीमाओं का ध्यान रखा गया है। इसके अलावा, नीति का उद्देश्य व्यावसायिक और औपचारिक शिक्षा के बीच की खाई को पाटना है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### छुरी नगर...

जिले के प्रवास पर आए नगरीय प्रशासन एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव को ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत में अध्यक्ष न होने के कारण विकास कार्यों के प्रभावित होने से अवगत कराया था।

### एक माह से...

आंगनबाड़ी कोटे का भेजे जाने वाला मध्यान्ह भोजन का चावल दुकानदार पहुंचा ही नहीं रहे हैं। **रेडी टू ईट के लिए लिखा गया पत्र :** जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट के प्रतिमाह नियमित रूप से आपूर्ति नहीं होने के विषय को लेकर जिला प्रशासन ने राज्य शासन को पत्र लिखने जा रहा है। जिसमें रेडी टू ईट की प्रक्रिया को नियमित रूप से सुचारू करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपूर्तिकर्ता एजेंसी को निर्देश देने की बात कही गई है। राजधानी रायपुर से एक निजी फर्म के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में सीधे रेडी टू ईट की आपूर्ति की जाती है और वहां से फर्म के कर्मचारियों द्वारा रिसीव लेटर शासन को जमा करा दिया जाता है।

## कोरबा मार्केट




# सेवानिवृत्त विद्युतकर्मियों को दी बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



समारोह में शामिल सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी से जून में अधीक्षण अभियंता अमित चटर्जी, निज सहायक दुर्गा शंकर दीक्षित, अनुभाग अधिकारी चन्द्र चूड़ बनर्जी, पूर्णिमा श्रीवास्तव, वरिष्ठ पर्यवेक्षक लखन लाल मरावी, कनिष्ठ पर्यवेक्षक गुरूनंदन प्रसाद राजवाड़े, शांत कुमार साहू, लक्ष्मी नारायण पाण्डेय एवं संयंत्र सहायक श्रेणी-दो इक्तीदार अहमद खान अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुए।

कर्मचारी के सम्मान में समारोह का आयोजन सीनियर क्लब, कोरबा पूर्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संयंत्र के मुख्या कार्यपालक निदेशक (उत्पा.), डॉ.हेमंत सचदेव एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता अंजना कुजुर, राजेश्वरी रावत, संजीव कंसल, एलएन सूर्यवंशी एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के आतिथ्य में तथा इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी गण, युनियन के पदाधिकारीगण, पेंशनर एसोशिएसन के पदाधिकारीगण एवं सेवा निवृत्त हो रहे अधिकारी/कर्मचारी के परिवारजनो कि उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एवं मंचस्थ विशिष्ट अतिथिगण ; अति.मुख्य अभियंताओद्ध द्वारा सेवानिवृत्ति कर्मी को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी, से सम्मानित कर विदाई दी गई। डॉ. सचदेव ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी की सेवाओं का उल्लेख करते हुये कहा कि संयंत्र से 9 अनमोल रत्न सेवानिवृत्त हो रहे है। अपने कार्य को निष्ठा एवं लगन के साथ करते हुये हमारे संयंत्र की सेवा की है। अभार प्रदर्शन अधी. अभियंता देवी शंकर राय के किया गया।

### न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. बी-121/2023-24**
**ग्राम नवागांव प.ह.नं. 10**
**तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ग.**

एतद द्वारा आम जनता ग्राम नवागांव प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. कटघोरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है आवेदक राधेश्याम दुबे पिता कमता प्रसाद दुबे जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम नवागांव तहसील कटघोरा जिला कोरबा द्वारा अपने पुत्र राज दुबे जन्म दिनांक 19.05.2008 को स्थान नवागांव घर में होने का लेख करते हुए स्थानीय रजिस्टार को जन्म प्रमाण पत्र को संबंधित पंजी में दर्ज करने हेतु उप रजिस्टार जन्म निदेर्शित करने बाबत शपथ पत्र पंचनामा अनुलब्धता प्रमाण पत्र एवं परिशुद्धता प्रमाण पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हो तो वह दिनांक 15.07.2024 तक आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है तिथि उपरान्त प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**


### न्यायालय तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. श्रेणी-अ-21/2023-24**
**ग्राम छुरीकला प.ह.नं. 12**
**तहसील कटघोरा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. देवप्रसाद 02. पुनिराम दोनों पिता स्व. समार साय 03. श्रीमती पतंग बाई पति स्व. समार साय 04. बृजलाल 05. सुखलाल दोनों पिता स्व. बालाराम 06. श्रीमती फगनी बाई पति स्व. बालाराम सभी जाति यादव निवासी ग्राम छुरीकला तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ०ग० ने ग्राम छुरीकला प.ह.नं. 12 तहसील-कटघोरा स्थित परिवर्तित भूमि ख0न0 951/3 रकबा 0.024 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता श्रीमती फूलबाई पति श्री भीम चंद देवांगन निवासी मकान नं. 155, मेन रोड भाठापारा छुरीकला वार्ड क्र. 14 छुरीकला तहसील कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. के पास विक्रय किए जाने की अनुमति बाबत आवेदन न्यायालय कलेक्टर कोरबा के समक्ष प्रस्तुत करने पर आवेदिका का आवेदन जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा के न्यायालय से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह दिनांक 04.07.2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति जो कुछ भी हो स्वयं या अपने अभिभाशक या प्रतिनिधि के माध्यम से पेश कर सकते है। नियत तिथी के बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। आज दिनांक 21.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगा कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### एसईसीएल निदेशक तकनीकी कापरी ने कुसमुंडा, दीपका खदान का किया निरीक्षण

**कोरबा।** एसईसीएल के निदेशक तकनीकी संचालन एसएन कापरी ने दीपका एवं कुसमुंडा मेगाप्रोजेक्टस का दौरा किया। इस दौरान श्री कापरी ने दीपका एवं कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट में खनन गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही खदान प्रबंधकों द्वारा मानसून में किए गए उपायों की समीक्षा की। वहीं दूसरी ओर कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार एसईसीएल सीवीओ जयंत कुमार खमारी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। सतर्कता निरीक्षण अभियान के दौरान श्री खमारी ने खदानों में कोयला स्टॉक, डिस्पैच एवं आईटी उपायों की समीक्षा की जा रही है। इसके अलावा गुड गवर्नेंस को बढ़ावा मिल रहा है।

### बुधवारी स्थित दवाई दुकान में सेंट्रल जीएसटी की टीम ने मारी रेड

**कोरबा।** शहर के बुधवारी स्थित एक दवाई दुकान में सेंट्रल जीएसटी की टीम ने छापामार कार्यवाही की है। सूत्रों की माने तो बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस रेड को जीएसटी विभाग की रुटीन चेकिंग भी बताया जा रहा है। जीएसटी की टीम ने दवाई दुकान में दस्तावेजों की जांच की है। फिलहाल इस बात का खुलासा नहीं हो सका है कि जीएसटी की टीम को दवाई दुकान में दस्तावेजों के निरीक्षण के दौरान क्या हाथ लगा है। बुधवारी स्थित मेडिकल स्टोर में छापामार कार्यवाही के बाद सेंट्रल जीएसटी की टीम बालको पहुंची जहां बुधवारी स्थित मेडिकल स्टोर के संचालक के भाई के दवाई दुकान में भी छापामार कार्यवाही की गई है। दोनों ही दुकानों में जीएसटी की टीम ने दस्तावेज खंगाले हैं। देखना यह है कि आने वाले दिनों में जीएसटी की टीम क्या कार्यवाही करती है।

### पीपल पेड़ के नीचे स्थित शिव मंदिर में बढ़ी आस्था



**कोरबा।** शहर के आरपीनगर फेस-1 में पीपल पेड़ के नीचे स्थित शिव मंदिर लंबे समय से भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। दशहरा मैदान से लगकर स्थित उक्त मंदिर में पीपल पेड़ की छांव में जड़ के पास संगमरमर का चबूतरा बनाकर शिवलिंग स्थापित किया गया है। मंदिर निर्माण में शहर के डॉ. सुबोध थवाईत व एसईसीएल के पूर्व सीएमडी रहे दिल्ली के एमके थापर ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। वर्तमान में प्रत्येक हर सोमवार, मलमास, महाशिवरात्रि, श्रावण व हरतालिका तीज पर जलाभिषेक करने श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। मंदिर के व्यवस्थापक ने मंदिर के आसपास साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण कार्य जरूरी बताया है।

### इटली में आयोजित वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस के लिए देवेश का चयन



**रजगामार।** छात्र देवेश कुमार जायसवाल ने जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। देवेश कुमार जायसवाल एसईसीएल रजगामार से सेवानिवृत्त नवधालाल जायसवाल के छोटे पुत्र हैं। उनका चयन इटली में आयोजित हो रहे वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस के लिए हुआ है। देवेश कुमार जायसवाल आईआईटी चेन्नई में पीएचडी की पढ़ाई करते हुए इटली में आयोजित 18वें वर्ल्ड कान्फ्रेंस ऑन अर्थक्वेक इंजीनियरिंग डब्ल्यूसीईई 2024, इटली 30 जून से 10 जुलाई में सम्मिलित होने के लिए चयनित हुए हैं। कान्फ्रेंस में शामिल होने के लिए देवेश कुमार चेन्नई मद्रास से 28 जून को इटली के लिए रवाना हो गए हैं।

### रामजानकी सेवईन मंदिर में चल रही रथ यात्रा की तैयारी

**कोरबा।** छुरीकला इंदिरा चौक स्थित श्री रामजानकी सेवईन मंदिर में महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथयात्रा महोत्सव की तैयारी की जा रही है। मंदिर संचालिका साध्वी गीता दास मंहत ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा 7 जुलाई को श्री रामजानकी सेवईन मंदिर परिसर से साधु संतों व भक्तों के द्वारा भजन कीर्तन के साथ निकाली जायेगी। रथ यात्रा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। रथ का रंग रोगन कार्य चल रहा है, मंदिर परिसर को भी सजाया जा रहा है ।

### वाहन की टक्कर से मवेशी की मौत, अपराध दर्ज

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 कटघोरा निवासी देव कुमार पिता पी.के. गायकवाड़ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह रोजी मजदूरी का काम करता है। 2 जुलाई की रात्रि 7 बजे लगभग ज्योति सिंह कंवर पिता निहोरा सिह कंवर ने अपने स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 12 एएन 7075 को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुये शिव मेडिकल स्टोर के सामने रोड में एक लाल रंग गाय को ठोकर मारकर घसीटते हुये 40-50 मीटर ले जाने से चोट लगने के कारण मृत्यु हो गयी। घटना को देवकुमार एवं गोल्डी ने देखा है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 281, 325 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को गो लाइव करने में जिले को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पैक्स कंप्यूटराइजेशन योजना के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को गो लाइव करने में जिला नोडल अधिकारी सुशील जोशी ने अनुकरणीय भूमिका निभाई है। उनकी सतत कोशिशों और साथी अफसर-कर्मियों से समन्वय कौशल का नतीजा यह रहा कि इस कार्य में कोरबा जिला प्रदेश में अव्वल रहा। श्री जोशी के इस योगदान को प्रशस्ति प्रदान करते हुए सम्मानित किया है। उन्हें प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने प्रशस्ति पत्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (मर्यादित) रायपुर की ओर से मोमेंटो प्रदान किया गया।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक सेक्टर के जिला नोडल अधिकारी सुशील जोशी ने बताया कि इस कोरबा की सफलता में सभी समिति प्रबंधक, आपरेटर्स, पर्यवेक्षक, शाखा प्रबंधकों की कोरबा की पूरी टीम का अमूल्य सहयोग शामिल है। 2 जुलाई को अपेक्स बैंक मुख्यालय रायपुर में सहकारिता मंत्री छत्तीसगढ़ शासन केदार कश्यप की अध्यक्षता, विशेष सचिव व सचिव प्रदेश के सभी सम्मानित जेआरसीएस, डीआरसीएस, सीईओ, शीर्ष बैंक के अधिकारी, मेरे पथप्रदर्शक श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति में यह समारोह आयोजित किया गया था। पैक्स कम्प्यूटरीकरण में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए आयोजित सम्मान समारोह में डीसीसीबी बिलासपुर के अंतर्गत जिला कोरबा को प्रथम स्थान व उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन का सम्मान और कटघोरा समिति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पैक्स कम्प्यूटरीकरण में संचालित मिशन गो लाइव के तहत राज्य की प्राथमिक कृषि साख सहकारी शक्तियों को गो लाइव करने में श्री जोशी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके साथ ही जिले के कटघोरा में संचालित आदिम जाति सहकारी समिति कटघोरा से प्रभारी विनोद कुमार भट्ट को भी समिति गो लाइव में उत्कृष्ट कार्य के लिए सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित रायपुर द्वारा मोमेंटो प्रदान किया गया।

### जिला नोडल अफसर सुशील कुमार हुए सम्मानित

**खास बात**

- प्रदेश के सहकारिता मंत्री ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो से किया सम्मान




## चकचकवा पहाड़ के पास बढ़ रहा अवैध कब्जा

# हाईवे के पास अतिक्रमण, हादसे को दे रहा आमंत्रण



कटघोरा स्थित चकचकवा पहाड़ जहां होता है हादसा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नेशनल हाईवे 130बी चकचकवा पहाड़ के पास बेतहाशा अतिक्रमण से वहां से गुजरने वाले लोगों को बड़े हादसे का खतरा मंडराता दिख रहा है। इस अतिक्रमण की वजह से चौराहे पर लोगों द्वारा अतिक्रमण करने से कटघोरा से अम्बिकापुर की ओर जाने वाले अम्बिकापुर और कटघोरा की ओर आने वालों को सामने की सड़क नज़र नहीं आती है। जिससे बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

नई सरकार ने सभी तरफ अवैध निर्माण और अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख दिखाया है और प्रशासन को कार्रवाई करने में लगा दिया है। जिले में भी इस प्रकार की तस्वीर सामने आई है इतना सब कुछ होने के बावजूद नेशनल हाईवे संख्या 130बी पर कटघोरा में चकचकवा पहाड़ी के पास हाईवे पर अतिक्रमण कायम है। इसके चलते आवाजाही में कई प्रकार की समस्याएं पेश आ रही है। कई मौकों पर प्रशासन को ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद जरूरी कार्रवाई नहीं होना समझ से परे हैं। इस जगह पर अवैध निर्माण किए जाने के कारण दोनों दिशा से आने वाले वाहनों को आगे का रास्ता नजर नहीं आता। ऐसे में अनहोनी की आशंका बनी रहती है। बाईपास के निर्माण के बाद से ही इस अवैध कब्जे को लेकर कई सवाल उठते रहे हैं और इसे हटाने की मांग की जाती रही है। नवंबर महीने में विधानसभा चुनाव में सरकारी अमले के व्यस्त होने का हवाला देते हुए यहां पर कार्रवाई करने का मसला किनारे कर दिया गया। विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद भी व्यस्तता कम होने और नई सरकार के बनने व उसकी प्राथमिकताएं सुनिश्चित होने पर भी यहां से अवैध निर्माण को हटाने के मामले में कोई खास दिलचस्पी नहीं ली जा रही है। वाहन चालकों और नागरिकों का कहना है कि जब सामान्य क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के साथ आवागमन को सुगम करने की कोशिश की जा रही है तो कम से कम हाईवे के मामले में शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए।

### नाले पर पुल निर्माण नहीं होने से पहुंच विहीन हो रहे गांव



पाली विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गोपालपुर से नवापारा पहुंच मार्ग में जटाशंकरी नाला बहता है। जिस पर सेतु निर्माण हेतु ग्रामीणों ने सत्ता सीन जनप्रतिनिधियों से अनेकों बार मांग करने के बाद भी सेतु का निर्माण नहीं कराया गया है। जिससे नवापारा डोडकी सगुना के ग्रामीण एवं हाईस्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। नाले में बाढ़ आने पर ग्रामीण एवं छात्र-छात्राओं को 10 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय कर राजकमा होते हुए चैतमा आना पड़ता है। इस संबंध में विभाग के जिला अधिकारी द्वारा कहा गया था कि इसका प्रस्ताव बनवा बनाकर शासन को भेजा गया है स्वीकृति मिलते ही सेतु का काम शुरू कर दिया जाएगा, किंतु आज 1 साल बीत जाने के बाद भी पुलिया का निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। ग्रामीणों ने पुलिया बनवाने की मांग शासन प्रशासन से की थी, किंतु किसी के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नाला ऊपर पुलिया निर्माण कराने की मांग की है।

### रिस्दी चौक सड़क मार्ग जर्जर



बालको रिंग रोड से रिस्दी चौक नकटीखार इंजीनियरिंग कॉलेज जाने वाली मार्ग में रिस्दी चौक के पास सड़क की हालत भारी वाहनों के चलने से जर्जर हो चली है। चौक में बड़े गड्ढे निर्मित होने के कारण बरसात का पानी भरने से रात के अंधेरे में सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। बालको बायपास रोड होने के कारण प्रमुख मार्ग बन चुका है। आम लोगों के आवागमन के लिए भी ये प्रमुख सड़क हैं, जिसे मार्ग में वाहनों का दबाव ज्यादा हो रहा है। जर्जर सड़कें ही विकास कार्य में बाधा बन रही है। जब हर साल बरसात होने हैं। एक रिस्दी चौक की ही बात नहीं है, अन्य चौक चौराहों में भी गड्ढे बने हुए हैं।

### कोरबी धतूरा मार्ग को निर्माण कराने कलेक्टर से की गई मांग



विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ापार से कोरबी धतूरा मार्ग मेन रोड की स्थिति बहुत ही जर्जर है। जिसमें लोगों का निरन्तर आना जाना लगा रहता है। इसी सड़क से स्कूली बच्चे, व्यापारी, कर्मचारी मजदूर, किसान सभी लोगों का एवं यात्री बस का परिसंचालन इस मार्ग से होता है। सड़क में बहुत ज्यादा गड्ढे हो चुके हैं, गड्ढे की वजह से जब बारिश होने पर सड़क नदी के समान दिखाई देने लगता है और ऐसे सड़क से सभी को चलना मुश्किल हो गया है। बच्चों का ड्रेस स्कूल जाते समय खराब हो हो जाता हैं कई बच्चे तो फिसल कर गिर जाते हैं। दोपहिया व चार पहिया वाहन चलने में भी बड़ी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। पाली जनपद हरदीबाजार क्षेत्र के जनपद सदस्य अनिल टंडन ने मुड़ापार से धतूरा कोरबी रोड को बनाने कलेक्टर से मांग की है। इस मार्ग में बलौदा, अकलतरा, जांजगीर चांपा, बिलासपुर, हरदीबाजार से यात्री बस से आने जाने का मुख्य मार्ग है। जनपद सदस्यों ने श्री टंडन ने बताया हेतु 15 दिवस के पूर्व यदि यह रोड का निर्माण कार्य चालू नहीं किया जाता है तो समस्त ग्राम वासियों व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा, उन्होंने शासन प्रशासन से अपील की है कि जनहित की मुद्दा को देखते हुए इस रोड के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराया जाये।

### सूने मकान में चोरी हजारों का माल पार

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभाठा बालको निवासी रीमा नवरंगे उम्र 30 वर्ष पति राजेन्द्र नवरंगे घरेलू काम करती है। 21 जून को रीमा अपने परिवार सहित खपरीडीह अकलतरा गयी थी कि 30 जून को रीमा के ससुर कृष्ण नंद नवरंगे ने फोन कर बताया कि घर में चोरी हो गया है। तब रीमा घटना की जानकारी मिलने पर अपने परिवार के साथ वापस घर आयी तो देखी कि घर में रखा घरेलू समान एवं सोने चांदी के जेवर तथा नगद 20 हजार रूपये चोरी हो गयी है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**कोरबा।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बाइक में सवार दो लोग हादसे के शिकार हो गए हैं जिसमें एक की मौत हो गई है जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामला बांगो थाना क्षेत्र के पोड़ी कन्या छात्रावास के समीप दुर्घटना हुई है। जानकारी के अनुसार बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम सरभोंका निवासी सुदन बिंझवार उम्र 55 वर्ष पिता विलास राम अपने एक परिचित रामेश्वर नामक व्यक्ति के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर मिसल बनवाने के लिए सुबह अपने गांव से कोरबा आ रहे थे कि बांगो थाना क्षेत्र के कन्या छात्रावास पोड़ी के समीप पहुंचे थे कि वे हादसे के शिकार हो गए और हादसे में सुदन की मौत हो गई है जबकि रामेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

# अधेड़ की मिली लाश जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलीछापर रेल फाटक भुट्टा चौक स्थित देशी व विदेशी शराब में बुधवार की तड़के एक व्यक्ति का शव देखा गया। जिसकी सूचना कुसमुंडा पुलिस को दी गई। कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक की पहचान एसईसीएल कुसमुंडा कर्मी दलप्रताप सिंह उम्र लगभग 47 वर्ष पिता स्वर्गीय बबलू प्रताप सिंह के रूप में हुई है जो एसईसीएल कुसमुंडा में डंफर ऑपरेटर के पद में पदस्थ था। मृतक मूलतः अनूपपुर मध्यप्रदेश का रहने वाला था, बीते दो वर्ष पूर्व मनेंद्रगढ़ एरिया से ट्रांसफर होकर कुसमुंडा आया हुआ था। उसकी मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

**खास बात**

- कुसमुण्डा थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से अनाचार करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरी के बाज़ारपारा निवासी दिलीप प्रजापति उम्र 25 वर्ष पिता उम्मन लाल ने एक नाबालिग पीड़ित को शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। उसके पश्चात पीड़िता को शादी करने के बहाने पीड़िता को भगाने का प्रयास किया। पीड़िता को कोरबा ले जाकर वहीं उसे किसी से मिलकर आता हूं कहकर पीड़िता को वहीं छोड़कर भाग गया। जिसकी शिकायत पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ आकर 2 जून को कटघोरा थाना में दर्ज कराई। कटघोरा थाना प्रभारी ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी दिलीप प्रजापति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपी की पतासाजी शुरू की। मुखबिर की सूचना पर जानकारी मिली कि आरोपी दिलीप बिलासपुर में देखा गया है। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने तत्काल टीम गठित कर बिलासपुर रवाना किया जहां आरोपी दिलीप को गिरफ्तार कर कटघोरा थाना लाया गया। आरोपी दिलीप प्रजापति से पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी दिलीप प्रजापति पर धारा 376 के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।



आरोपी

### जमीन पर सो रहे किशोर को सर्प ने डसा, मौत

**कोरबा।** एक 17 वर्षीय किशोर जमीन पर सोया हुआ था। इस दौरान तड़के एक जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। जब परिजनों को इसकी भनक लगी तो उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामला बांगो थाना क्षेत्र से ग्राम लेपरा की है। यहां निवासरत बंधन साय धनवार का 17 वर्षीय पुत्र अर्जुन साय धनवार अपने घर पर बीती रात को जमीन पर सोया हुआ था कि इसी दौरान सुबह लगभग 4 बजे किसी जहरीले सर्प ने अर्जुन को डस लिया। अर्जुन को जब अहसास हुआ कि उसे सर्प ने डस लिया है जिसके बाद उसने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी और आनन फानन में उपचार के लिए अर्जुन को पोड़ी स्थित अस्पताल में दाखिल कराया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

# अब नहीं टपकता बारिश का पानी विद्यार्थियों की दूर हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुछ समय पहले की बात है, वनांचल के इस विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ाई करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार की पहाड़ी कोरबा रत्नी बाई और कक्षा चार में पढ़ने वाले सुनील को भलीभांति याद है कि जब भी बारिश होती थी, उनके स्कूल की छतों से पानी टपकने लग जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। जिले के जनजातीय क्षेत्रों में संचालित स्केलों की समस्या के बाद हालात सुधरे हैं।

जिले के अंतर्गत ग्राम छातासरई पहाड़ी कोरवाओं का एक मुहल्ला है। मुख्यमार्ग से दूर वनांचल व उचाई पर स्थित इस गांव में पहाड़ी कोरवाओं को शिक्षा से जोड़कर उन्हें विकास की राह में आगे बढ़ाने विद्यालय संचालित किया जा रहा है। यहां अध्ययन करने वाले सभी विद्यार्थी पहाड़ी कोरवा जनजाति से ही है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्थित इस स्कूल भवन की स्थिति पहले जर्जर होने के साथ ही विद्यार्थियों के लिए भी मुसीबत भरी थी। विद्यालय के शिक्षक परदेशी राम का कहना है कि स्कूल भवन की मरम्मत होने के बाद अब छत से पानी नहीं टपकता। कक्षा पांचवी में पढ़ाई करने वाल पहाड़ी कोरवा बालिका रत्नी बाई ने बताया कि पहले पानी गिरते ही फर्श गीला हो जाता था। रात्रि में पानी गिरने के बाद सुबह फर्श पर पानी भरा रहता था। जिससे उन्हें बैठने में भी परेशानी होती थी। जब से भवन की मरम्मत हुई है परेशानी खत्म हो गई है। इसी प्रकार प्राथमिक शाला चुईया, कोरई, सोनगुढ़ी स्कूलों की दशा में सुधरी है।

**खास बातें**

- स्कूल जतन से संवर गए विद्यालय
- 118 पदों पर भी नियुक्त होंगे विशेषज्ञ शिक्षक

## 8 अस्पष्ट सवालों के अंकों को छोड़कर शेष 92 मार्क की गिनती के बाद परिणाम घोषित

# एसईसीएल की खदानों में दूर होगी माइनिंग सरदारों की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

एसईसीएल की खदानों में जल्द माइनिंग सरदार की कमी दूर होगी। एसईसीएल में माइनिंग सरदार भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों के परिणाम की अंतिम सूची जारी कर दी है। चयन समिति के सदस्यों की बैठक में अंकन पैटर्न की सिफारिश पर निर्णय लिया गया कि 8 अस्पष्ट सवालों के अंकों को छोड़कर 92 प्रश्नों के लिए कंप्यूटर आधारित टेस्ट में अभ्यर्थियों के प्राप्त अंकों के आधार पर परिणाम की सूची जारी की जाए। इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद अब जारी कर दिया गया है।

एसईसीएल में माइनिंग सरदार टी एंड एस ग्रेड सी के पदों को भरने 8 हजार 983 अभ्यर्थियों ने कंप्यूटर आधारित टेस्ट दिया था। स्कोर कार्ड जारी करने के बाद अभ्यर्थियों ने गलत सवालों का अलग-अलग बोनस अंक बंट जाने का आरोप लगाते हुए एसईसीएल मुख्यालय के सामने धरना दिया। इसकी जांच की मांग पर संबंधी ज्ञापन भी सौंपा था। इसपर आपत्ति भी दर्ज कराई गई। बोनस अंक अलग-अलग बाटे जाने से अभ्यर्थियों के अंक में भी बदलाव से मेरिट सूची प्रभावित होने के आरोप लगाए थे। एसईसीएल प्रबंधन की ओर से जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थियों के प्राप्त आपत्ति का आंकलन भर्ती परीक्षा के लिए अधिकृत ईडीसीआईएल ने आंकलन किया। मेरिट सूची को अंतिम रूप देने चयन समिति की बैठक हुई। कंपनी प्रबंधन की ओर से जारी सूचना में यह भी बताया है कि वर्ष 2020 में माइनिंग सरदार टी एंड एस ग्रेड-सी के पद पर भर्ती के दौरान चयन समिति ने ओएमआर शीट के मूल्यांकन के लिए गलत पाए गए सवालों के अंकों पर विचार नहीं किया था। इसे ध्यान में रखते हुए समिति ने कंप्यूटर आधारित टेस्ट की मेरिट सूची को सौ अंकों के बजाय 92 अंकों पर अंतिम रूप देने की सिफारिश की है। प्रबंधन ने आंसर भी जारी कर दिया है। एसईसीएल प्रबंधन ने जारी सूचना में भर्ती परीक्षा के बाद अनंतिम परिणाम सूची जारी करने के साथ ही जिन 8 प्रश्नों के अंक अभ्यर्थियों को नहीं दिया है, उसे भी स्पष्ट किया है। इसकी क्वेश्चन आईडी संख्या भी बताई है। यह बताना होगा कि अभ्यर्थियों ने यह आरोप लगाया था कि जिन सवालों के बोनस अंक बाटे गए हैं, वे सवाल स्पष्ट नहीं किए गए हैं। अब जारी सूचना में प्रश्न आईडी संख्या बताने से प्रबंधन से इसे स्पष्ट कर दिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780